| Publication | Dayitva |
|---|---|
| Date | 07 November 2025 |

# श्रीराम प्रॉपर्टीज़ ने पुणे में बढ़ाया अपना दायरा

## हिंजेवाड़ी में लगभग 0.7 मिलियन वर्गफुट क्षेत्र के विकास के लिए संयुक्त विकास समझौते पर हस्ताक्षर; लगभग 700 करोड़ रुपये के सकल विकास मूल्य (जीडीवी) की संभावना

**पुणे, 31 अक्टूबर 2025:** श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड (एसपीएल), जो मिड-मार्केट और मिड-प्रीमियम आवासीय रियल एस्टेट सेगमेंट में अग्रणी डेवलपर है, ने पुणे के अत्यधिक मांग वाले हिंजेवाड़ी माइक्रो मार्केट में लगभग 0.7 मिलियन वर्गफुट क्षेत्र में एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए एक संयुक्त विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह एसपीएल की पुणे में दूसरी परियोजना है, जो कंपनी के उस उद्देश्य को दर्शाती है जिसके तहत वह देश के सबसे सक्रिय और तेज़ी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजारों में अपनी मौजूदगी को और मज़बूत करना चाहती है। कंपनी ने मई 2025 में उंड्री स्थित अपनी पहली परियोजना के साथ पुणे के बाजार में प्रवेश किया था, जिसे लॉन्च के छह महीनों के भीतर ही 55% से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

अब कंपनी हिंजेवाड़ी में अपने दूसरे प्रोजेक्ट की शुरुआत कर रही है। यह एक ऊँची इमारतों वाला मिश्रित प्रोजेक्ट है, जो आधुनिक शहर की जीवनशैली को एक नया रूप देगा। यह परियोजना लगभग 6.5 लाख वर्गफुट प्रीमियम अपार्टमेंट्स के साथ सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किए गए रिटेल और वाणिज्यिक स्पेस को शामिल करेगी, जिससे कुल 7 लाख वर्गफुट से अधिक बिक्री-योग्य क्षेत्र तैयार होगा। इस परियोजना का सकल विकास मूल्य लगभग 700 करोड़ रुपये आंका गया है।

पुणे के तेजी से विकसित हो रहे आवासीय क्षेत्र में स्थित यह परियोजना आधुनिक वर्टिकल लिविंग का नया मानक तय करने के लिए तैयार की गई है। परियोजना में एक स्काई क्लबहाउस होगा जो शहर का खूबसूरत दृश्य दिखाएगा, साथ ही मनोरंजन की उत्कृष्ट सुविधाएँ और सामुदायिक मेल-जोल के स्थल होंगे, जो निवासियों का अनुभव और भी बेहतर बनाएँगे।

बेहतरीन लोकेशन, संतुलित डिज़ाइन और आधुनिक वास्तुकला के साथ यह परियोजना हिंजेवाड़ी में एक प्रमुख पहचान बनने जा रही है। यह नया प्रोजेक्ट श्रीराम प्रॉपर्टीज की उस नीति को और मज़बूत करता है जिसके तहत कंपनी कम पूंजी में अधिक विकास करने वाले मॉडल पर काम कर रही है।

हिंजेवाड़ी, जो पुणे का सबसे बड़ा आईटी और बिज़नेस हब है, अब शहर का सबसे लोकप्रिय आवासीय इलाका बन चुका है। यह इलाका अपने बेहतर रोजगार अवसरों, अच्छी कनेक्टिविटी और मज़बूत सामाजिक सुविधाओं की वजह से लगातार लोगों को आकर्षित कर रहा है। इस माइक्रो-मार्केट में आवासीय मांग स्थिर किराया प्रतिफल (रेन्टल यील्ड), और हिंजेवाड़ी आईटी पार्क, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे तथा प्रमुख शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों की निकटता के कारण निरंतर बढ़ रही है, जिससे यह क्षेत्र एंड-यूज़र्स और निवेशकों दोनों के लिए आकर्षक बना हुआ है। इस परियोजना के साथ श्रीराम प्रॉपर्टीज अपने पश्चिमी भारत के कामकाज को और मज़बूत बना रहा है। पुणे में अपनी पहली परियोजना को मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद यह कदम कंपनी के लिए एक और मील का पत्थर है। कंपनी पुणे के तेज़ी से विकसित हो रहे माइक्रो-मार्केट्स में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर केंद्रित है, जबकि दक्षिण भारत के मिड-मार्केट हाउसिंग सेगमेंट में अपने नेतृत्व को बरकरार रखे हुए है। इस अवसर पर श्री अक्षय मुरली, वाइस प्रेसिडेंट बिज़नेस डेवलपमेंट, श्रीराम प्रॉपर्टीज ने कहा, "पुणे का रियल एस्टेट बाजार अपनी सशक्त मांग और उन्नत आईटी व औद्योगिक इकोसिस्टम के कारण निरंतर वृद्धि कर रहा है। हमारी दूसरी परियोजना की डील हमारी विस्तार रणनीति का एक महत्वपूर्ण चरण है और यह इस शहर की दीर्घकालिक संभावनाओं पर हमारे भरोसे को दर्शाता है। हम पुणे में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए उत्साहित हैं। यह नया प्रोजेक्ट श्रीराम प्रॉपर्टीज की व्यापक विकास रणनीति से मेल खाता है, जिसके तहत हम साझेदारी और सहयोग के ज़रिए प्रमुख आवासीय बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, जबकि हमारा ध्यान लगातार बेहतर गुणवत्ता वाले और आम लोगों की ज़रूरतों के अनुरूप घर उपलब्ध कराने पर है।

Shriram Properties
Homes that live in you

| Publication | Sanjvarta |
|---|---|
| Date | 07 November 2025 |

# श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेडचा पुण्यात विस्तार

**पुणे :** अग्रगण्य मिड-मार्केट आणि मिड-प्रीमियम केंद्रित निवासी रिअल इस्टेट डेव्हलपर श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेडने (एसपीएल) पुण्यातील हिंजवडी येथील अत्यंत मागणी असलेल्या मायक्रो मार्केटमध्ये सुमारे ७ लाख चौरस फूट प्रीमियम निवासी प्रकल्पाच्या विकासासाठी संयुक्त विकास करारावर (जेडीए) स्वाक्षरी केली आहे. एसपीएलचा पुण्यातील हा दुसरा प्रकल्प असून भारतातील सर्वांत गतिमान रिअल इस्टेट हबमध्ये विस्तार करण्याची आणि जोरदारपणे स्थिर होण्याची तिची कटिबद्धता यातून अधोरेखित झाली आहे. कंपनीने मे २०२५ मध्ये उंड्री येथे स्वतःच्या पहिल्या प्रकल्पासह पुण्याच्या बाजारपेठेत प्रवेश केला होता. त्याला उत्साहवर्धक प्रतिसाद मिळाला असून लॉंचिंगच्या सहा महिन्यांतच त्याची ५५ टक्क्यांपेक्षा अधिक विक्री झाली आहे.कंपनी आता पुण्यातील हिंजवडी येथे दुसरा प्रकल्प सुरू करत आहे. हा प्रकल्प शहरी राहणीमान आणि जीवनशैली अनुभवांची नव्याने व्याख्या करणारा हाय-राइज संमिश्र वापर विकासाच्या स्वरूपात आहे. या प्रकल्पात ६.५ लाख चौरस फूट प्रीमियम अपार्टमेंट्स असून त्याला विचारपूर्वक डिझाईन केलेल्या किरकोळ आणि व्यावसायिक जागांची जोड मिळाली आहे. हे एकूण ७ लाख चौरस फुटांपेक्षा जास्त विक्रीयोग्य क्षेत्र आहे. या प्रकल्पात सुमारे ७०० कोटी रुपयांची जीडीव्ही क्षमता आहे. मोठी मागणी असलेल्या निवासी कॉरिडॉरमध्ये मोक्याच्या ठिकाणी असलेले हे उत्पादन व्हर्टिकल लिव्हिंगमध्ये नवीन बेंचमार्क स्थापन करण्यासाठी डिझाईन केलेले आहे. या प्रकल्पामध्ये एक स्काय क्लबहाऊस असेल, त्यातून शहराची विहंगम दृश्ये, विशेष विश्रांती सुविधा आणि रहिवाशांचा अनुभव उंचावणाऱ्या सामाजिक स्पेसेस उपलब्ध होतील.